राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ.6(12)परीक्षा–ग/व.अ.(सं.शि.)/2022/पात्रता जांच/138 दिनांक 24.07.2024

आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2022 के अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच हेतु कुल 06 विषयों की तृतीय विचारित सूची दिनांक 03.07.2024 से 05.07.2024 तक जारी की गई। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 15.07.2024 से 22.07.2024 तक की गई। उक्त परीक्षा की पात्रता जांच के लिए आयोग द्वारा एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्धारित दिनांक को अनुपस्थित रहे सामाजिक विज्ञान, संस्कृत एवं हिन्दी के अभ्यर्थियों को दिनांक **30.07.2024** को प्रातः 9.00 बजे तथा अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान के अनुपस्थित अभ्यर्थियों को दिनांक **30.07.2024** को दोपहर 1.00 बजे काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाता है। अनुपस्थित अभ्यर्थी आयोग द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र के साथ उपस्थित होवें। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं। काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर SMS के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।

तृतीय विचारित सूची में सम्मिलित एवं काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम तौर पर सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट http://rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, प्रपत्र तथा आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र की प्रविष्टियां पूर्ण करने के उपरान्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। काउन्सलिंग में पुनः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किए जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। शेष शर्तें इस बाबत् पूर्व में जारी प्रेस–नोट दिनांक 08.07.2024 के अनुसार रहेंगी।

अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची हेतु आयोग की वेबसाईट का अवलोकन अपेक्षित है।

(रामनिवास मेहता)
सचिव